Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spcci.org

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI-01/2021 दिनांक : 12.10.2021

माननीय मुख्यमंत्री,
झारखण्ड
रांची।

विषय : देवघर में ट्रान्सपोर्ट नगर विकसीत करने के संबंध में।

महोदय,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से अभिवादन!

देवघर झारखण्ड के तेजी से विकसीत हो रहे शहरों में से एक है और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसका फलक और विस्तार तेजी से बढ़ रहा है। देवघर संताल परगना का प्रवेश द्वार होने के साथ ही व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों का केन्द्र भी बनता जा रहा है। देवघर से दो–दो एक्सप्रेस वे रक्सौल–हल्दिया एवं पटना–कोलकाता भी गुजरने वाला है तथा यह चार एन.एच. से आच्छादित है, मजबूत रेल नेटवर्क से जुड़ा है और एयरपोर्ट भी शीघ्र ही शुरू होने वाला है। देवघर में 58 किमी लंबा आउटर रिंग रोड भी प्रस्तावित है। नवनिर्मित साहिबगंज पोर्ट तथा हल्दिया पोर्ट से भी देवघर की कनेक्टिविटी शानदार है। यहां फुड प्रोसेसिंग के कई बड़े उद्योग, जसीडीह और देवीपुर में दो बड़े औद्योगिक क्षेत्रों के साथ जिले के अन्य इलाकों में भी 10–12 एकड़ के चार–पांच औद्योगिक क्षेत्र, देवीपुर में देश का पांचवा प्लास्टिक पार्क भी अवस्थित हैं। देवघर में एम्स का भी संचालन शुरू हो चुका है।

विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ की नगरी होने के कारण यहां धार्मिक पर्यटन का भी तेजी से विकास हो रहा है। निकट भविष्य में एयर कार्गो के भी विकसीत होने की संभावनाएं हैं।

वर्तमान में देवघर बड़ी तेजी के साथ विकास की रफ्तार पकड़ चुका है, लेकिन दुर्भाग्यवश बेहतर प्लानिंग के बिना ही शहर का विकास और क्षेत्रफल बढ़ रहा है। यहां अब संकीर्ण सड़कों के कारण आवाजाही और ट्रेफिक की समस्या विकराल होती जा रही है। ऐसे में शहर के अंदर छिटपुट स्थानों पर अवस्थित ट्रान्सपोर्ट के कारण आनेवाले दिनों में और भी मुश्किलें बढ़ने वाली है। शहर की सीमाई क्षेत्र बाघमारा में अंतर्राज्यीय बस पड़ाव का निर्माण कार्य भी अंतिम चरणों में है। इस तरह से बड़ी गाड़ियों का ट्रेफिक अब शहर के बाहर ही होने जा रहा है जो बिल्कुल समयानुकूल भी है।

ऐसे में देवघर में शहर की सीमा पर किसी उपयुक्त स्थान पर एक ट्रान्सपोर्ट नगर की आवश्यकता भी सिद्दत के साथ महसूस की जा रही है। देवघर के बाघमारा में निर्माणाधीन अंतर्राज्यीय बस अड्डा के पास ही लगभग 10 एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध है जो ट्रान्सपोर्ट नगर के सर्वाधिक अनुकूल होगी।

अतः सादर आग्रह है कि रांची में स्वीकृत ट्रान्सपोर्ट नगर की तरह यहां भी पूर्ण आधारभूत संरचनाओं के साथ एक वृहत ट्रान्सपोर्ट नगर बसाया जाय जिसमें टर्मिनल पार्किंग, सड़क, नाला, स्ट्रीट लाइट, वेयरहाउस, वेजब्रिज (धर्मकांटा), सर्विस स्टेशन, इंटीग्रेटेड प्रशासनिक एवं ट्रान्सपोर्टर्स कार्यालय भवन, मल्टीपर्पस मार्केट आदि की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध हो।

सादर,
Mallick
आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष

प्रतिलिपि : माननीय मुख्य सचिव, झारखण्ड
सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड।
उपायुक्त, देवघर एवं नगर आयुक्त, देवघर।

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)